# लाख उत्पादन तकनीकी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**(लाह बीज फार्म, चंदवा,लातेहार)**

## २६ मार्च,२०१८

**वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा दिनांक २६.०३.२०१८ को वन विज्ञान केन्द्र के तहत चंदवा लाह बीज फार्म, चंदवा, (लातेहार) झारखण्ड में लाख उत्पादन तकनीकी विषय पर लातेहार जिले के चंदवा ब्लाक के ग्रामीणों, मुखिया, पंचायत सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. डा० संजय सिंह, वैज्ञानिक एफ, प्रभागाध्यक्ष, कृषि-वानिकी एवं विस्तार प्रभाग ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को लाख की खेती उत्पादन तथा लाख बाजार पर विस्तृत जानकारी से अवगत कराया. उन्होंने बताया की लातेहार क्षेत्र की जलवायु लाह की खेती के लिए उपयुक्त है, अतः किसान यदि इस क्षेत्र में मेहनत करें तो निश्चित रूप से संवृद्ध हो सकते हैं. प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषकर फ्लेमेंजिया सेमिअलता लाख पोषक पौध** (Non Traditional host) **पर लाख की खेती करने की विस्तृत जानकारी दी गयी, तथा लाख उत्पाद के उपयोग के बारे में भी प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गयी. प्रशिक्षुओं के साथ कार्यक्रम में औषधीय पौध एवं तसर की खेती के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा की गयी. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में २९ प्रतिभागियों ने भाग लिया. संस्थान के श्री एस.एन.बैद्य, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं श्री बी.डी.पंडित, तकीनीकी अधिकारी ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाख उत्पादन तकनीकी चर्चा पर अपना योगदान दिया.**

प्रशिक्षुओं को संबोधित करते डा० संजय सिंह, वैज्ञानिक एफ, प्रभागाध्यक्ष, कृषि-वानिकी एवं विस्तार प्रभाग, वन उत्पादकता संस्थान, रांची

प्रशिक्षुओं के साथ डा० संजय सिंह, वैज्ञानिक एफ, प्रभागाध्यक्ष, कृषि-वानिकी एवं विस्तार प्रभाग, श्री एस.एन.बैद्य, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं श्री बी.डी.पंडित, तकनीकी अधिकारी

श्री बी.डी.पंडित, तकनीकी अधिकारी लातेहार जिले के चंदवा के ग्रामीणों को लाख की खेती तथा लाख बाजार पर प्रशिक्षण देते हुए

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते हुए लातेहार जिले के चंदवा ब्लाक के ग्रामीण, मुखिया, पंचायत सदस्य